**SA : II - 2019**

DATE : 02/02/2019 **STD : 10 : हिन्दी** **TIME : 3 HOURS**

**MARKS : 100**

## PART : A

સૂચના : (1) નીચે આપેલા 1 થી 50 હેતુલક્ષી પ્રશ્નો ફરજિયાત છે. દરેક પ્રશ્નનો 1 ગુણ છે.

(2) આપને અલગથી આપેલ OMR Sheet પત્રકમાં જે તે પ્રશ્ન નંબર (A) ○ (B) ○ (C) ○ (D) ○ સામે આપેલ છે. તે પ્રશ્નો જે જવાબ સાચો હોય તેના વિકલ્પની સામે આપેલ વર્તુળને પેનથી ઘટ્ટ B કરવાનું રહેશે.

**निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए ।** **(50)**

(1) रैदास भगवान के कैसे भक्त है ?
(A) सच्चे (B) एकनिष्ठ (C) असली (D) सामान्य

(2) 'स्वामी' शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए ।
(A) स्वामीजी (B) स्वामीपना (C) स्वामिनी (D) स्वामित्व

(3) प्रभुजी बादल है, तो भक्त क्या है ?
(A) पानी (B) बिजली (C) मोर (D) बरसात

(4) रक्षागार शब्द की सही संधि-विग्रह बताइए ।
(A) रक्ष + आगार (B) रक्षा + आगार (C) रक्षागा + र (D) रक्षा + गार

(5) बूढी काकी के भतीजे का क्या नाम था ?
(A) सुखीराम (B) दु:खीराम (C) पं. बुद्धिराम (D) धनीराम

(6) गोपी क्या ओढ़कर कृष्ण बनना चाहती है ?
(A) ओढनी (B) चादर (C) पीतांबर (D) कंबल

(7) गिरि – शब्द पर्यायवाची शब्द बताइए ।
(A) पर्वत (B) गिरनार (C) पहाड़ (D) नेत्र

(8) रसखान – शब्द का समास बताइए ।
(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय (C) द्विगु (D) द्वन्द्व

(9) निवास – शब्द का कर्तृवाचक संज्ञाएँ बताइए ।
(A) निवासी (B) निवासक (C) निवासन (D) निवासित

(10) जीने का साधन – शब्द समूह के लिए उपयुक्त एक शब्द बताइए ।
(A) पादर (B) जीविका (C) कपट (D) समझते

(11) प्रत्येक नागरिक को पूर्णत: लगन एवं निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए ।
(A) ईमानदारी (B) बेईमानी (C) जल्दबाजी (D) उन्नति

(12) 'अपना' शब्द का विलोम शब्द बताइए ।
(A) तपना (B) बिरादर (C) पराया (D) जपना

(13) मीरां किसे जन्म की पूँजी मानती है ?
(A) रामरतन धन (B) श्यामरतन (C) गुरुकृपा (D) मीराकृपा

(14) मीरां को विष का प्याला किसने भेजा ?
(A) दरबारी ने (B) राजा ने (C) राणा ने (D) सास ने

(15) कालिदास हरिण को कहाँ ले गए ?
(A) अपने घर (B) मल्लिका के घर (C) राजदारबार में (D) अस्पताल में

(16) कर्तृवाचक संज्ञाओं की सही जोड बताइए ।
(A) लेख - लेखन (B) भेख - भेखनी (C) लेख - लेखक (D) लेख - लिखाकर

(17) जननी जन्मभूमि ............. से महान है ।
(A) पृथ्वी (B) स्वर्ग (C) आकाश (D) नर्क

(18) कृष्ण ने किस ग्रंथ की रचना की है ?
(A) भगवद् गीता (B) महाभारत (C) रामायण (D) स्कंदपुराण

(19) श्रीकृष्णने गीता का गान किया इस वाक्यमें से भाववाचक संज्ञाएँ बताइए ।
(A) किया (B) गान (C) गीता (D) श्रीकृष्ण

(20) विज्ञापन से किस प्रकार का भेदभाव स्पष्ट होता था ?
(A) महिला-पुरुष का (B) अमीर-गरीब का (C) ऊँच-नीच का (D) छोटे-बडे का

(21) नारायण मूर्ति ने किससे शादी की ?
(A) सुधा कुलकर्णी (B) सुधा चन्द्रा (C) सुधा पटेल (D) सुधा ठाकोर

(22) कुत्ते और खरह की दौड़ कहाँ जारी रही ?
(A) मैदान में (B) बगीचे में (C) खेत में (D) जंगल में

(23) खरहा क्या खाता था ?
(A) घास (B) रोटी (C) घास की फुनगियाँ (D) पेड़ की पत्तियाँ

(24) विलोम शब्दों की सही जोड़ बताइए ।
(A) आगे - जागे (B) घनी - धनी (C) जोर - शोर (D) भीतर - बाहर

(25) आँख बचाकर रहना – मुहावरे का सही अर्थ बताइए ।
(A) अधिक न देखना (B) मौत होना
(C) आँख न मिलाना (D) नजर से दूर रहकर जीना

(26) जीवन की समस्या को किसने ठीक समझा था ?
(A) चीनियों ने (B) सामना करके (C) रुसवालों ने (D) अमरिकावालों ने

(27) पर्यायवाची शब्दों की सही जोड़ बताइए ।
(A) दुनिया - संसार (B) सवाल - जवाब (C) सूखा - गीला (D) हल - बल

(28) लेखक सबसे बड़ा काम किसे मानते हैं ?
(A) सेवा को (B) हँसने को (C) जीवन जीने को (D) मरने को

(29) कवि देश को अपना ............... मानता है ।
(A) अभियान (B) अभिमान (C) परिमाण (D) मंदिर

(30) जिसमें मैल न हो – शब्द समूह के लिए एक शब्द बताइए ।
(A) सुमल (B) विमल (C) प्रमल (D) अमल

(31) माधवन कौन थे ?
(A) साहित्यकार (B) विज्ञानी (C) राजनेता (D) अभिनेता

(32) साधु अपना पाप भरा घड़ा यहाँ आकर फोड़े ।
(A) काशी (B) मथुरा (C) गोवा (D) दिल्ली

(33) साधु को बाहर से कैसा बने रहना चाहिए ?
(A) कठोर (B) नम्र (C) सीधा-सादा (D) अग्नि

(34) साधु को क्या सुलने का भय नहीं लगना चाहिए ?
(A) अपनी पोल (B) अपनी थैली (C) गोमुखी (D) झोंपडी

(35) पोल खोलना – मुहावरों का सही अर्थ बताइए ।
(A) रहस्य प्रकट करना (B) दुःख होना (C) सुख होना (D) घड़ा भरना

(36) बिस्मिल अनेक जन्मो में भी इनसे उण नहीं होंगे .....
(A) गुरु से (B) माँ से (C) पिता से (D) दादी से

(37) सेवा-समिति का आरंभ कहाँ हुआ ?
(A) मुजफ्फरपुर में (B) शाहजहाँपुर से (C) दिल्ली से (D) मथुरा से

(38) मीरां क्या देखकर राजी हुई ?
(A) भगत (B) जगत (C) बंधु (D) मंदिर

(39) कवि चाहते हैं कि प्रत्येक मनुष्य को मिले ....
(A) संतान (B) संतोष (C) नेतृत्व (D) महल

(40) बादलों की गड़गडाहट का दूसरा नाम क्यां है ?
(A) बिजली (B) गर्जना (C) तांडव (D) महाख

(41) कवि ............... बढ़ने की इच्छा रखते हैं ?

(A) अविरत (B) अगणित (C) अथक (D) अपरिमित

(42) मालती किसे कोसने लगी ?

(A) खुद को (B) कुंदन को (C) बिन्दू को (D) पति को

(43) नंदन के अनुसार किसका अंत नहीं था ?

(A) बहस का (B) झगड़े का (C) चोरी का (D) विवाद का

(44) मालती ने बिन्दू को कहाँ खाना खिलाया ?

(A) चौके में (B) आँगन में (C) कोठरी में (D) बगीचे में

(45) कवि ने नालों की नगरी किसे कहा है ?

(A) दिल्ली को (B) बम्बई को (C) कश्मीर को (D) कोलकाता को

(46) कश्मीरी हवा क्या गाती है ?

(A) दोहे (B) कविता (C) गीत (D) खुशी के गीत

(47) शिष्ट भाषा में आवेदनपत्र लिखने का काम किसे सौंपा गया था ?

(A) विनोद को (B) गणेश को (C) नरेश को (D) अविनाश को

(48) देवताओं के साथ कौन वन से गुजर रहा था ?

(A) सत्यदेव (B) सत्यव्रत (C) देवपति (D) गरुड़

(49) पंडित शादीराम के घर में पड़ी पत्रिकाएँ कैसी थी ?

(A) धार्मिक (B) सचित्र (C) विचित्र (D) उत्पात

(50) लोटा मन को क्या बुझाता है ?

(A) तपन (B) आँच (C) आग (D) प्यास

◇◇◇◇◇

## PART : B

**Time : 2 Hours** **Marks : 50**

**प्र.- 1(A) निम्नलिखित प्रश्नों के दो-तीन वाक्य में उत्तर लिखो । (किन्हीं चार)** **(8)**

(1) दिखावा करते हुए साधु कैसा व्यवहार करता है ?

(2) कश्मीर में हवा चलने पर वातावरण कैसा होता है ?

(3) पेड़ क्यों सूख गया था ?

(4) कवि ने प्राणियों में सौंदर्य कब देखा है ?

(5) कवि के अनुसार बकरी में सुंदरता कब प्रकट होती है ?

**(B) निम्नलिखित प्रश्नों के दो-तीन वाक्य में उत्तर लिखो । (किन्हीं दो)** **(4)**

(1) बिस्मिल की माताजी के विचार पहले की अपेक्षा अधिक उदार कब हो गए ?

(2) मालती को शांत करते हुए नंदन ने क्या कहा ?

(3) 'कविता क्या है ?' इस प्रश्न का गोपी क्या उत्तर देती है ?

**(C) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए । (किन्हीं एक)** **(3)**

(1) 'हे जनशक्ति महान' गीत के माध्यम से कवि ने जनमानस को क्या संदेश दिया है ?

(2) 'अलबम चोर से मैंने मंगवा लिया है ।' ऐसा सदानंद ने शादीराम से क्यों कहा ?

**प्र.-2(A) रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक और सीख लिखिए ।** **(5)**

रुई का एक व्यापारी – रुई की चोरी – नौकरों को बारी बारी से बुलाना – जिन पर शक था, उन लोगों को भोजन का न्योता – आधा भोजन होने पर व्यापारी का कहना – 'चोर की दाढ़ी में तिनका' – चोर का दाढ़ी पर हाथ फेरना – चोर पकड़ा जाना – सीख ।

**(B) निम्नलिखित विचार विस्तार स्पष्ट कीजिए। (कोई एक)** **(5)**

(1) न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी।

अथवा

(1) बोया पेड़ बबूल का, आम कहाँ से खाय ?

**प्र.- 3(A) परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(5)**

शांति की शक्तियाँ युद्ध की शक्तियों की अपेक्षा कहीं अधिक शक्तिशाली हैं। ठीक उसी प्रकार जैसे संसार में पाप की तुलना में पुण्य की शक्ति अधिक बदलती है। इस शाश्वत सत्य का प्रकाशन इस बात में होता है कि अणुबम सदृश भयानक संहारास्त्र के अनुभवों से संत्रस्त और कराहती हुई मानवता ने संसारव्यापी शांति की इच्छा प्रकट की है। संयुक्त राष्ट्र संघ इस इच्छा का अभिव्यक्ति है। संयुक्त राष्ट्र संघ नये जगत की एक नूतन कल्पना है। युद्धाग्नि की लपटों में झुलसे हुए विश्व में स्थायी शांति की एक नवीन आशा का संचार किया है।

प्रश्न :

(1) उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

(2) शांति और युद्ध-शक्ति में आप किसे शक्तिशाली मानते है ?

(3) अणुबम जैसे संहारक शस्त्र का संसार को क्या अनुभव हुआ ?

(4) लेखक ने संयुक्त राष्ट्र संघ को क्या माना है ?

(5) अणुबम जैसे अस्त्रों का मानवता पर क्या असर पड़ा है ?

**(B) निम्ननुसार पत्र लिखिए।** **(5)**

(1) सिटी पोइन्ट, सूरत से सागर काला आणंद निवासी अपने मित्र समीर को उसके छोटे भाई भोलु के अवसान पर आश्वासन देते हुए पत्र लिखता है।

**(C) अहवाल (वृत्तांत) लिखिए।** **(5)**

(1) किसी आँखों देखी दुर्घटना का करीब 50 शब्दों में अपनी भाषा में अहवाल लिखिए।

**प्र.- 4(A) टिप्पणी लिखिए।** **(2)**

(1) समाचारपत्र पर टिप्पणी लिखिए।

**(B) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर 150 शब्द में निबंध लिखिए।** **(8)**

(1) भ्रष्टाचार - शिक्षा का कैन्सर :
(भ्रष्टाचार की व्यापकता – शिक्षा क्षेत्र में भ्रष्टाचार से खतरा – विभिन्न रुप – दुष्परिणाम – रोकने का उपाय – मुक्ति जरुरी)

(2) विज्ञान - वरदान या अभिशाप :
विज्ञान का युग – बिजली का जादू – यातायात और समाचार – संबंधी सुविधाएँ – मनोरंजन, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में – युद्ध संबंधी आविष्कार – विज्ञान का उज्जवल भविष्य।

◇◇◇◇◇